# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: 1972/गोप0/25 दिनांक: 29.05.2025

## कार्यालय–ज्ञाप

बी.एड. से सम्बन्धित सत्र 2024–25 के सम्बन्ध में द्वितीय सेमेस्टर तथा चतुर्थ सेमेस्टर प्रेक्टिकल/सेशनल अंक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निम्नवत निर्देश प्रदान किये जाते हैः–

1. बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर में मात्र 10 नम्बर का सेशनल अंक अन्तरिक परीक्षक द्वारा ऑनलाइन सब्मिट/अपलोड किया जाना है।
2. बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर में 100 अंक का प्रायोगिक अंक एवं चारो प्रश्नपत्रों का 10–10 अंक का सेशनल अंक प्रदान किया जाना है प्रायोगिक परीक्षा से सम्बन्धित वाह्य परीक्षकों की आवंटन सूची विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, उन्हीं परीक्षकों से प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है।
3. जिन महाविद्यालयों में बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर में 15 से कम छात्र है वहाँ पर प्रायोगिक परीक्षक नियुक्त नहीं किये गये है, ऐसे सम्बन्धित महाविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने महाविद्यालयों के नजदीकी तीन महाविद्यालयों का नाम विश्वविद्यालय को प्रेषित करें जिसमें एक परीक्षा केन्द्र को परीक्षा कराने हेतु अधिकृत किया जा सके।
4. उक्त कार्य हेतु विश्वविद्यालय से तत्काल अनुमति प्राप्त करना सुनिश्चित करें जिससे सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र को सूचित/निर्देशित किया जा सके।
5. बी.एड. के समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि दिनांकः 10 जून 2025 तक प्रत्येक दशा में बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए प्रायोगिक अंक एवं उससे सम्बन्धित सेशनल अंक तथा चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं का सेशनल अंक ऑनलाइन सब्मिट/अपलोड करते हुए उसकी परीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित प्रति विश्वविद्यालय को अभिलेख के रूप में जमा करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सभी सम्बन्धित प्राचार्य।
2. सभी सम्बन्धित परीक्षकगण।
3. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

परीक्षा नियंत्रक